51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.6°c | अधिकतम 31.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:29, सूर्यास्त : 6:27 | वर्ष : 51/ अंक : 72 | बुधवार, 15 मार्च 2023 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

संसार में कोई भी मनुष्य सर्वगुण सम्पन्न कोई नहीं होता, इसलिए कुछ कमियों को नजरअंदाज कर रिश्ते बनाए रखिए।

भाजपा धर्म का बाजारीकरण कर आस्थाओं का शोषण न करे, जनता आक्रोशित है : अखिलेश यादव



कमाल ये है कि जनता के आक्रोश का भाजपा को पता नहीं.....

पुलिस का खौफ़ : काली नदी में कूदे गैंगेस्टर की मौत

शहर के शामली रोड पर घटित हुई बड़ी घटना

- पुलिस की चैकिंग से बचने के लिए बाइक छोड़ नदी में कूदे थे दो दोस्त
- पीनना गांव के मोहित की दलदल में फंसकर मौत, साथी अजय को बचाया
- मोहित पर हैं आधा दर्जन मुकदमे, मृतक के पास तमंचा, नकदी व मोबाइल बरामद

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। शहर के शामली रोड पर पुलिस से बचने को दो युवकों ने काली नदी में छलांग लगा दी। इनमें से पीनना गांव के मोहित की तो दलदल में धंसने से मौत हो गई, जबकि दूसरे साथी अजय को एक बुजुर्ग ने बचा लिया। कई घंटे के प्रयासों के बाद मोहित का शव बरामद हो सका। पुलिस का दावा है कि उसकी जेब से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। मोहित अपराधिक प्रवृति का था, जिसके खिलाफ करीब छह मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस अजय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बरामद बाइक भी चोरी की होने की आशंका जताई जा रही है।

शहर कोतवाली की शामली स्टैण्ड पुलिस चौकी पर पुलिस टीम मंगलवार पूर्वाहन में वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पीनना गांव निवासी मोहित मलिक और अजय शर्मा पंजाब नम्बर की बाइक पर सवार होकर शहर की तरफ आ रहे थे। पुलिस की चैकिंग देखकर दोनों युवक घबरा गये और पुलिस से बचने के लिए उलटा गलियों से भाग लिये। शक होने पर पुलिस ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी। काली नदी के पुल पर पहुंचकर जब उन्हें बचने का कोई रास्ता नहीं दिखा तो मोहित और अजय ने बाइक छोड़कर काली नदी में छलांग लगा दी। इत्तेफाक से नदी किनारे खेत पर काम कर रहे बुजुर्ग लियाकत को चीखने की आवाज सुनाई दी तो वो नदी की तरफ आ गये। बुजुर्ग ने अपनी जान की परवाह न करते हुए नदी में फंसे अजय को तो बचा लिया, जबकि मोहित पानी और दलदल में समा गया। सूचना मिलते ही नई मण्डी सीओ हिमांशु गौरव, शहर कोतवाल महावीर सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे मोहित की तलाश शुरू कराई। करीब पांच-छह घंटों के प्रयासों के बाद मोहित का शव बरामद हो सका। उधर, अनहोनी की खबर मिलते ही मोहित की मां गीता और पिता जसबीर के अलावा उसकी बहन रोते बिलखते हुए मौके पर आ गये। पुलिस का कहना है कि मोहित के कपड़ों की तलाशी में 315 बोर का तमंचा और अन्य सामान बरामद हुआ है। सीओ के मुताबिक मोहित अपराधिक छवि का युवक था, जिसके खिलाफ चोरी और गैंगस्टर के करीब छह मामले दर्ज हैं। पुलिस अब अजय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ताकि यह पता चल सके कि दोनों पुलिस को देखकर क्यों भागे थे? तमंचा लेकर चलने के पीछे उनकी क्या मंशा थी? क्या वो किसी घटना को अंजाम देने के लिए शहर आ रहे थे? हालांकि, पुलिस पीछा करने के सवाल पर कुछ भी बोलने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि यह बात सही नहीं है कि पुलिस का पीछा करने पर युवकों ने यह कदम उठाया है। इस मामले में पुलिस अब तमंचा बरामद होने के कारण आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। यह बात अलग है कि मोहित की मौत होने के कारण पुलिस को मुकदमे में एफआर लगानी पड़ सकती है। शहर कोतवाल महावीर सिंह चौहान ने बताया कि मौके से बरामद हुई बाइक के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि यह बाइक चोरी की हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने मोहित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीनना गांव का मोहित विवाहित था, उसके दो बच्चे हैं। इनमें चार साल का बेटा आर्यन और ढाई साल की बेटी आरू मलिक है। परिजनों का आरोप है कि मोहित ने पुलिस के दबाव में ही यह कदम उठाया है।

पुलिस का दावा-युवकों का नहीं किया पीछा

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। आज बाइक सवार दो युवकों द्वारा काली नदी में कूदने की अनहोनी घटना को लेकर पुलिस डेमेज कंट्रोल में जुटी है। इस घटना को लेकर लोगों में बनी चर्चा कि पुलिस के द्वारा पीछा करने या एनकाउंटर किये जाने के डर से युवकों ने काली नदी में छलांग लगाई है, को निराधार बताते हुए पुलिस ने दोनों युवकों का आपराधिक रिकार्ड जारी किया है। मुजफ्फरनगर पुलिस के मीडिया सेल के द्वारा मीडिया को उपलब्ध कराये गये बयान में कहा गया है कि थाना कोतवाली नगर पुलिस को मंगलवार को सूचना प्राप्त हुई कि 02 लड़के काली नदी में कूद गये है। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। 01 युवक नदी किनारे पर मिला, जिसने अपना नाम अजय शर्मा पुत्र संजय शर्मा निवासी ग्राम पीनना बताया। अजय शर्मा ने पुलिस को जानकारी दी कि दूसरा लड़का नदी पार करने के प्रयास में नदी में डूब गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा गौताखोरों की मदद से युवक की तलाश की गयी तो कुछ समय पश्चात युवक का शव नदी से प्राप्त हुआ। मृतक युवक की पहचान मोहित उर्फ पांशू पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम पीनना के रुप में हुई। मृतक की जेब से मोबाईल, 2200 रुपये नगद व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। स्थानीय पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। पुलिस मीडिया सेल द्वारा दोनों युवकों पर दर्ज आपराधिक अभियोगों की जानकारी में बताया गया कि पकड़े गये युवक अजय शर्मा के खिलाफ कोतवाली नगर में ही साल 2021 में मारपीट और हमले के मामले में मुकदमा दर्ज है, जबकि उसके साथी मृतक मोहित के खिलाफ साल 2020 में कोतवाली नगर में चोरी और गैंगस्टर में छह मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वो वांछित चल रहा था। पुलिस मीडिया सेल की ओर से आये बयान में कहा गया है कि पुलिस द्वारा बाइक सवार इन युवकों का पीछा करने या चेकिंग से बचने के लिए इनके द्वारा नदी में कूदने की बात असत्य व निराधार है।

इमरान की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की घेराबंदी, समर्थकों का कई शहरों में प्रदर्शन

लाहौर। सोमवार को हुए ड्रामे के बाद इस्लामाबाद पुलिस और रेंजर्स कमांडो मंगलवार को एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने उनके लाहौर वाले घर पहुंचे। दूसरी तरफ, इमरान ने एक बार फिर समर्थकों के नाम सोशल मीडिया पर अपील जारी की। कहा- आपके नेता की जान को खतरा है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा- जल्द से जल्द खान साहब के लाहौर में जमान पार्क वाले घर पहुंचें। दोपहर करीब 4 बजे पुलिस और रेंजर्स कमांडोज की कार्रवाई शुरू हुई, लेकिन अब तक इमरान गिरफ्त से बाहर हैं। उनके समर्थक लगातार पथराव कर रहे हैं। फायरिंग की भी खबरें हैं। लाहौर और इस्लामाबाद पुलिस की टीम की मदद के लिए रेंजर्स ने हेलिकॉप्टर्स और ड्रोन तैनात किए। लाहौर के अलावा कराची और रावलपिंडी में भी इमरान समर्थक सड़कों पर उतरे। लाहौर के कुछ इलाकों में इमरान के समर्थकों ने पेट्रोल बम फेंके हैं। इसके बाद सभी टीवी चैनलों से कहा गया कि वो घटना की लाइव कवरेज बंद कर दें। इमरान की बहन अलीमा बोलीं- पुलिस ने हमारे घर पर गोलियां चलाईं। बंगले के लॉन में आंसू गैस के कुछ गोले भी फेंके गए हैं। हमें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इमरान ने वीडियो बयान जारी किया। कहा- पुलिस को लगता है कि वो मुझे गिरफ्तार करके अवाम को चुप करा देंगे। हो सकता है वो मुझे मार डालें, लेकिन आपको ये जंग लड़ते रहना है।

78 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक का निधन

इंदौर। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक का मंगलवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार लोधी क्रेमेटोरियम, नई दिल्ली में बुधवार शाम 4 बजे होगा। इससे पहले सुबह नौ से दोपहर 1 बजे तक पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए निवास स्थान गुड़गांव में रखा जाएगा। पहले खबर आई थी कि उनका अंतिम संस्कार इंदौर में किया जा सकता है। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार डॉ. वैदिक सुबह बाथरूम में फिसल कर गिर गए थे। इसके बाद उन्हें निकट के ही अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि संभवतः हार्ट अटैक के चलते उनकी मौत हुई है। डॉ. वैदिक के परिवार में एक बेटा और बेटी हैं। 2014 में डॉ. वैदिक ने लश्कर-ए-तोएबा के संस्थापक और मुंबई पर 26/11 को हुए हमले के मास्टर माइंड आतंकी हाफिज सईद का इंटरव्यू लिया था।

यूपी में मई में बजेगी निकाय चुनाव की रणभेरी

- पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल
- अध्यक्ष की सीटों के लिए आरक्षण में होगा संशोधन
- अप्रैल में चुनाव की अधिसूचना और मई में होंगे चुनाव

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए अप्रैल में अधिसूचना जारी होने और मई में चुनाव की संभावना है। राज्य सरकार ने नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों का आरक्षण तय करने के लिए गठित उप्र राज्य समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी। अब कोर्ट इस प्रकरण पर सुनवाई कर फैसला देगा, जिसके आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सूत्रों का कहना है कि कोर्ट के दिशा-निर्देश के मुताबिक ही निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया तय की जाएगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों की जारी सूची पर विवाद होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को पिछड़ा वर्ग का आयोग गठन करके निकाय चुनाव में पिछड़ों को दिए गए आरक्षण का परीक्षण कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आयोग को 31 मार्च तक रिपोर्ट तैयार करने की समयसीमा तय की थी। इसी कड़ी में गठित आयोग ने तय समयसीमा से करीब 22 दिन पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। सरकार ने भी आयोग की रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी देने के बाद उसे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दिया है। नगर विकास विभाग प्रमुख सचिव अमृत अभिजात और न्याय विभाग के अधिकारी सोमवार सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और अधिवक्ता के जरिए आयोग की रिपोर्ट दाखिल कर कोर्ट से इस प्रकरण पर सुनवाई के लिए तारीख देने का अनुरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखा जाएगा कि इस रिपोर्ट के आधार पर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हिस्सेदारी की प्रक्रिया तय करते हुए उनके लिए सीटें आरक्षित करने और चुनाव कराने की अनुमति दी जाए।

आयोग की रिपोर्ट में दिए सुझावों के आधार पर माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद महापौर व अध्यक्ष की सीटों के लिए पूर्व जारी आरक्षण में आंशिक संशोधन किया जा सकता है। इसके लिए आरक्षण के लिए तय प्रक्रिया में संशोधन करने के लिए अधिनियम में भी संशोधन करने पर मंथन किया जा रहा है। शासन में निकाय चुनाव की तैयारी से जुड़े एक उच्चपदस्थ सूत्र का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद भी तैयारियों को पूरा करने में कम से कम 20 से 25 दिन लगेंगे। ऐसे में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। जिससे मई में चुनाव संपन्न कराया जा सके।

योगी सरकार नवरात्रि में दुर्गाशप्तशती और रामनवमी पर अखंड रामायण का कराएगी पाठ

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार नवरात्रि में दुर्गाशप्तशती और भगवान श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर अखंड रामायण का पाठ कराएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं की विशेष रूप से सहभागिता की जाएगी। प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम की ओर से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भेज दिए गए हैं। हिंदुओं की आस्था से जुड़ा चैत्र नवरात्रि पर्व 22 से 30 मार्च तक पड़ रहा है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा होती है। इस दौरान प्रदेश के देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण, झांकियों व अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में विशेष अभियान चलाकर महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता की योजना है। इसके लिए जिला, तहसील व विकास खंड स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। सरकार इन आयोजनों के लिए हर जिले को एक-एक लाख रुपये उपलब्ध करा रही है। इन कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इसे सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जाएगा। प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जिले में चयनित देवी मंदिर व शक्तिपीठों में कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन कर लें। उन्होंने इन आयोजनों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवरात्रि के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, ध्वनि आदि की बेहतर व्यवस्था का खास ध्यान रखने को कहा गया है।

नील गाय ने मारी टक्कर, किशोर की हुई मौत

बुढ़ाना, 14 मार्च (बु)। एक नील गाय ने बाइक चालक किशोर को जोरदार टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक दो सगी बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोर अक्षय पुत्र धर्मेंद्र निवासी ग्राम वैल्ली बीती देर रात बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना से अपने घर लौट रहा था। जब वह वैल्ली मार्ग पर आया, तो अचानक से खेतों से निकले एक आवारा पशु (नील गाय) ने बाइक की लाइट की चैंध में बाइक चला रहे अक्षय को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह टक्कर लगते ही गिर गया। उधर जब वह काफी देर बाद घर नहीं पहुंचा, तो उसके परिजनों ने उसको फोन किया तो घंटी बजती रही। कुछ देर बाद वहीं से गुजर रहे कुछ युवकों ने जब सड़क पर खून से लथपथ अक्षय को देखा और फोन रिसीव किया, तो उसके परिजनों को अक्षय के घायल होने का पता लगा। तब परिजनों ने घटनास्थल पर दौड़ लगा दी। तब परिजनों ने घटनास्थल पर आकर अक्षय को बुढ़ाना में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने अक्षय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव को घर ले आये। जहां मंगलवार की सुबह अक्षय का गमगीन भरे माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अक्षय घर में इकलौता पुत्र था, जबकि मृतक की दो बड़ी बहने हैं। बताया गया है कि घटना को लेकर गांव में शोक व्याप्त है।

कोर्ट मैरिज के चक्कर में हाईवोल्टेज ड्रामा, छत से कूद गई दुल्हन

- हंगामे की बाद पहुंची पुलिस, समझौते से मामला निपटा

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। एक लाख रुपये की रकम देने के बाद मैरिज ब्यूरो के माध्यम से शादी तय होने के बाद कचहरी में कोर्ट मैरिज के लिए पहुंची युवती विवाद के बाद कचहरी परिसर में वकील के चैंबर के आगे छत से कूद गई। हंगामा होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। सूत्रों के अनुसार थाना मंसूरपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पत्नी की मृत्यु के बाद उसने दिल्ली के एक मैरिज ब्यूरो के माध्यम से दिल्ली निवासी युवती से शादी के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि शादी के लिए युवती की मां ने एक लाख रुपये की मांग की। युवक ने बीस हजार रुपये देते हुए बाकी के 80 हजार रुपये शादी के समय देने की बात कही। इसके बाद गत दिवस युवती और उसकी मां कोर्ट मैरिज के लिए कचहरी में युवक के अधिवक्ता के पास पहुंची। छत पर अधिवक्ता के चैंबर में बैठकर कोर्ट मैरिज के लिए कागजात तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई तो युवती के आधार कार्ड की बायोमेट्रिक जांच में जन्म तिथि में अंतर सामने आ गया। इस गड़बड़ी के पकड़े जाने के बाद पैसों को लेकर कहासुनी हुई, तो युवती को लगा कि वह कानूनी चंगुल में फंस गई है। इस पर जब युवक के अधिवक्ता ने युवती से जन्म तिथि और अन्य जानकारी को लेकर बात की तो युवती ने हंगामा करते हुए अचानक छत से छलांग लगा दी। वह नीचे से गुजर रहे एक व्यक्ति के ऊपर जा गिरी। इस कारण युवती को चोट नहीं आई, जबकि राहगीर मामूली चोटिल हो गया। युवती वहां भी हंगामा करती रही। इसके बाद कचहरी में भीड़ एकत्र हो गई। सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों को थाने बुला लिया। वहां उनके बीच समझौता होने के बाद उक्त कोर्ट मैरिज का मामला निपट गया। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापति का कहना है कि दोनों पक्ष कोर्ट मैरिज करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने आए थे। रुपयों को लेकर विवाद होने पर युवती छत से कूद गई थी, दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में 6800 अभ्यर्थियों का चयन रद्द

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण कोटे का सही से अनुपालन ना किए जाने पर 1 जून 2020 को जारी सहायक अध्यापक के चयन से जुड़ी सूची को तीन माह में संशोधित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की एकल खंडपीठ ने महेंद्र पाल व अन्य एवं 124 अन्य याचिकाओं की सुनवाई करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने इसके साथ ही भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 को जारी हुई चयन सूची को भी खारिज कर दिया।

निकाह से पहले दहेज में मांगा ट्रैक्टर, दूल्हा बंधक

चरथावल, 14 मार्च (बु)। मुजफ्फरनगर में दहेज में ट्रैक्टर मांगने पर दूल्हा सहित बारात को बंधक बना लिया गया। आरोप है कि दूल्हा और उसके पिता ने दहेज में ट्रैक्टर लिए बिना निकाह करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद नाराज लड़की पक्ष के लोगों ने दूल्हा और बारात को बंधक बना लिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। भारतीय किसान यूनियन के ग्राम अध्यक्ष आस मौहम्मद की भतीजी मशहर की मंगलवार को शादी थी। गांव कुल्हेड़ी में शादी का प्रोग्राम रखा गया था। जनपद शामली के गांव भैसानी निवासी वसीम से महशर पुत्री फरमान का निकाह होना था। गांव में बारात पहुंचने पर नाश्ता कराया गया। आरोप है कि खाना खाने के बाद बाराती जब निकाह में बैठे, तो दूल्हा वसीम ने दहेज में ट्रैक्टर की मांग की। लड़की वालों ने अपने आप को गरीब बताते हुए दहेज में ट्रैक्टर देने में असमर्थता जताई, जिस पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने निकाह से इनकार कर दिया। इस पर हंगामा हो गया। दहेज में ट्रैक्टर मांगे जाने की जानकारी गांव वालों और भारतीय किसान यूनियन नेताओं को मिली, तो उन्होंने दूल्हा सहित बारात को बंधक बना लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इस दौरान आसपास के गांव वाले और मेहमानों ने बारातियों और दूल्हा को बैठाकर पंचायत शुरू की। भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। लड़की पक्ष के लोग 4 लाख का सामान पहले ही दूल्हा पक्ष को दे चुके थे। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

मैक्स हेल्थकेयर

भारत के श्रेष्ठ हड्डी रोग एवं मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञों से परामर्श, आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, (गाज़ियाबाद) के सौजन्य से



ओ.पी.डी. कार्यक्रम

डॉ. मनीष वैश्य
सीनियर डायरेक्टर - मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग
गुरुवार, 16 मार्च 2023 | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
रामा कृष्ण अस्पताल, बालाजी चौक, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर

डॉ. निकुंज अग्रवाल
सीनियर कंसल्टैंट - हड्डी रोग एवं ज्वाइन्ट रिप्लेसमेंट
शुक्रवार, 17 मार्च 2023 | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
इवान हॉस्पिटल, 4 के.एम, भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
8218 149 646, 9068 995 066

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाज़ियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

डीएवी डिग्री कॉलेज के बीएफए विभाग में दो दिवसीय 'द फ्लैश क्लब फोटोग्राफी' प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

प्रदर्शनी में 50 छात्र-छात्राओं की विशेष फोटोग्राफी का किया गया प्रदर्शन, चुनिंदा 10 प्रतिभागी होंगे सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। डीएवी कॉलेज के बीएफए विभाग में दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'द फ्लैश क्लब फोटोग्राफी' का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एमके बंसल, प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार व स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा समेत भौतिक विज्ञान विभाग से विभागाध्यक्षा डॉ. गरिमा जैन व प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रदर्शनी में विभाग के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने अपनी फोटोग्राफी के माध्यम से विभिन्न विषयों का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसमें पुरानी इमारतें, विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तु, पेड़-पौधे, प्राकृतिक दृश्य, व्यक्ति चित्र, खान-पान, डिजिटल वर्क, व्यंग चित्र इत्यादि विषय वस्तु शामिल रही। अपनी कलाकृतियों से आकर्षित करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को प्रबंध समिति सचिव डॉ. एमके बंसल द्वारा पुरस्कार स्वरूप धनराशि देने की भी घोषणा की गयी। महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अर्चना धामा, चित्रकला विभागाध्यक्ष प्रो. वेदपाल सिंह, चित्रकला विभाग से डॉ. रजनीश गौतम, डॉ. ममता, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. रूही जावेद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय प्रवक्ता कनीज हुसैन, रीमा शर्मा, फरहीन सैय्यद, इंदु काकरान, विभागीय छात्र-छात्राओं जिनमें बीएफए चतुर्थ वर्ष के गौरव कुमार, प्रखर शर्मा, वृन्दा शर्मा, श्रुति सनव्वर, शशिकांत, द्वितीय वर्ष से पायल, इशिता, दिव्या, तनु, तान्या, आविष्कार, सीमान्त राणा, तनु, सलोनी, प्रथम वर्ष से आकाश कुमार, आकाश कश्यप, आक्रिया, अतुल, कीर्ति, मोनिका, मौहम्मद सऊद, मुबशिरा, श्वेता, शिवा आदि का सहयोग रहा।

फोटो बुलेटिन

फोटोग्राफी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के द्वारा ओल्ड आर्किटैक्चर के चुनिंदा फोटोग्राफ्स का अवलोकन करते कॉलेज सचिव डॉ. एमके बंसल एवं अन्य शिक्षकगण।

मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ याचिका पर मांगा जवाब

अहमदाबाद, 14 मार्च (एजेंसी)। गुजरात हाईकोर्ट ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने पर रोक लगाने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एजे देसाई और जस्टिस बीरेन वैष्णव की पीठ ने सोमवार को बजरंग दल नेता शक्तिसिंह जाला की याचिका को जनहित याचिका में शामिल करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने यह अनुमति मूल याचिकाकर्ता धर्मेंद्र प्रजापति द्वारा धमकी के मद्देनजर याचिका वापस लिए जाने के बाद दी। जाला के वकील ने कोर्ट से अपील की कि मूल याचिकाकर्ता की अनुपस्थिति में उन्हें याचिका में शामिल होने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने मामले को 12 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया है। इस संवेदनशील मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को तत्काल जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। हाईकोर्ट में दाखिल की गई इस जनहित याचिका में याची के द्वारा अदालत से यह मांग की गई है कि गुजरात राज्य में स्थित सभी मस्जिदों में लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने की परम्परा पर तत्काल रोक लगाई जाए। याचिका में दावा किया है कि इससे ध्वनि प्रदूषण होता है। यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

व्यापारी हितों के लिए संगठन सदैव तत्पर: मुकुन्द मिश्रा

जिले में पहुंची व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का विभिन्न स्थानों पर किया गया भव्य स्वागत

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष में लखनऊ पहुंचेगी ये व्यापारी स्वाभिमान यात्रा

फोटो बुलेटिन

शहर में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा में आये पदाधिकारियों का स्वागत करते उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े जिले के व्यापारी।

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्वर्ण जयंती के मौके पर वेस्ट यूपी से प्रारंभ हुई व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का मंगलवार को नगर क्षेत्र में प्रवेश करने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। नगर के हृदयस्थल शिवचौक पर अपने स्वागत से अभीभूत व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए सदैव संगठन तत्पर है और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए भविष्य में भी कार्य किया जाता रहेगा। इससे पूर्व यात्रा में शामिल रहे पदाधिकारियों का व्यापारियों के द्वारा शिवचौक पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यालय के प्रभारी सुनील पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम दुबे आदि स्वागत से इस दौरान गदगद दिखाई दिए।

मंगलवार को जनपद में पहुंची व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रहे अशोक कंसल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष में प्रवेश करने पर स्वर्ण जयंती पर मंगलवार को व्यापारी स्वाभिमान यात्रा रोहाना टोल प्लॉजा से शुरू की गई, जो मुजफ्फरनगर से प्रांरभ होते हुए उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों से होकर इसका समापन लखनऊ में होगा। व्यापारी स्वाभिमान यात्रा में पधारे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों का स्वागत पूर्व विधायक अशोक कंसल, दिनेश बंसल, प्रवीण खेड़ा, अजय सिंघल, सरदार सुलक्खन सिंह नामधारी, राकेश गर्ग, सुनील तायल, विजय वर्मा, हिमांशु कौशिक, अनिल तायल, विकास अग्रवाल, विजय वर्मा, पंकज शर्मा, पंकज अपवेजा, हीरा लाल आदि व्यापारियों ने नगर में पहुंचे अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वाभिमान यात्रा में जिले के सभी गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार हितों के संकल्प के साथ शुरू हुई इस स्वाभिमान यात्रा के शिवचौक पर पहुंची यात्रा के पदाधिकारियों ने भोले शंकर का आशीर्वाद लेते हुए गंतव्य की ओर प्रस्थान किया।

नगरीय क्षेत्र में शिवचौक के बाद बुलेटिन वाली गली मं व्यापारी नेता राकेश गर्ग के नेतृत्व में पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद नुमाईश कैंप के मुख्य गेट पर व्यापारी नेता प्रवीण खेड़ा के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। व्यापारियों का काफिला नुमाईश कैम्प से होते हुए इंडस्ट्रियल एरिया, मंसूरपुर, खतौली, जानसठ, भोपा, मोरना आदि कस्बों से होते हुए नगर के आशीर्वाद बैंकटहॉल पर पहुंचा। इस दौरान यात्रा में मुख्य रूप से बाबूराम मलिक, कार्तिक, बिजेन्द्र धीमान, यश कपूर, राज कुमार रहेजा, आकाश अरोरा, वैभव जैन, अमित मित्तल, कशिश गोयल, दीपक गोयल, रामपाल सेन, रोहित, शैल गौतम, सतीश कुकरेजा, अलका शर्मा, रूपम शुक्ला, अंजू शर्मा, मनु शर्मा, विमल मदान, ओमप्रकाश धीमान, अशोक धीमान, विजय बाटला, नंदलाल, नदीम, इमाम, एमर, मोनू, प्रदीप, दिनेश मिश्रा, नवीन कंसल, कौशल मिश्रा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

महिला उद्यमिता विकास विषय पर सेमिनार का किया आयोजन

मैंटरिंग एवं परामर्श प्रकोष्ठ ने छात्राओं के लिए कराया विशेष कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। आज एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में मैंटरिंग एवं परामर्श प्रकोष्ठ तथा आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वाधान द्वारा कॉलेज के गृह विज्ञान संकाय की छात्राओं हेतु उद्यमिता अवधारणा के अभिप्राय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय गृहविज्ञान शिक्षा में महिला उद्यमिता विकास रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता डा. शुची मित्तल, डा. रीतु गर्ग, प्राचार्य डा. सचिन गोयल, विभागाध्यक्ष श्रीमति नीतू गुप्ता, डा. सौरभ जैन, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डा. नवनीत वर्मा, डा. रवि अग्रवाल, श्रीमति एकता मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डा. शुची मित्तल अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाएं विभिन्न प्रकार की तकनीकी, व्यावसायिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और विशिष्ट शिक्षा ग्रहण कर रही हैं ताकि वे किसी प्रकार के व्यापार या व्यवसाय में स्वरोजगार के योग्य हो सकें। वे पहले से ही राजनीति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र, प्रशासन आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में प्रवेश कर चुकी हैं। अब उन्होंने व्यवसाय क्षेत्र में प्रवेश करना शुरू कर दिया है, जहां वे भी अन्य क्षेत्रों की तरह अपना महत्व दिखा सकती हैं। डा. रीतु गर्ग ने कहा कि महिलाओं ने आधुनिक दिनों में साबित कर दिया है कि वे दक्षता, कड़ी मेहनत या बुद्धि में पुरुषों से कम नहीं हैं या यहां तक कि वे कई क्षेत्रों में पुरुषों से आगे निकल सकती हैं। पुरुषों की तरह महिलाएं भी अपने देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान देने की इच्छुक हैं। इसी तरह, भारत में महिलाएं एक अहम रोल मॉडल की भूमिका निभा रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मानव पूंजी की पोषिका, परिवार की पालनहार, नारी आज चारदीवारी से बाहर निकल कर नित नए क्षेत्रों में कामयाबी के झंडे गाड़ रही है। महिलाएं स्वतः कौशल संपन्न होती हैं। पारिवारिक, सामाजिक और शैक्षिक के साथ ही वह आर्थिक क्षेत्र में भी कामयाब हो रही हैं। वह अपने स्तर पर घर से भी अपने कौशलों का उपयोग करके धनोपार्जन करके परिवार चला सकती हैं। गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा नीतू गुप्ता ने कहा कि महिलाएं अपने आस-पास की महिलाओं को संगठित कर, नए रोजगार का सृजन कर सकती हैं। महिला उद्यमियों के समुचित प्रशिक्षण और प्रशासन द्वारा परिवारों का आर्थिक उन्नयन हो सकता है। कई मौकों पर कुछ महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होने के बाद अपने अपने परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक सबल साबित हुई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. अपर्णा, डा. अनामिका पंवार, अंजु कुमारी नीतु शर्मा, शिवांगी वशिष्ट, पिंकी, पूजा मलिक, कायनात रिजवी आदि का सहयोग रहा।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 57,000	चांदी-65,000
सिक्का- 750	गिन्नी- 43,000

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया-980-1020, चाकू 1170-1322, लड्डू 1220-1262, खुरपापाड़ 1140-1150, शक्कर मसाला 1350-1360, आमद-5,000 मन।

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 15 मार्च, 2023

मेष- आज दिन 7/34 बजे तक लाभ में कमी, निजी इच्छापूत में बाधा, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, अकारण भ्रमण, मानसिक शांति।

वृषभ- आज दिन 7/34 बजे तक समय प्रगतिकारक, व्यापार में धन निवेश, पारिवारक सौहार्द, नवीन उपलब्धि, कार्यों के प्रति उदासीनता।

मिथुन- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, बकाए धन की प्राप्ति, किसी आयोजन का सुअवसर।

कर्क- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, स्थान परिवर्तन में कार्यक्रम, जीवन साथी से सामंजस्य, यात्रा।

सिंह- आज दिन 7/34 बजे तक व्यवसाय में असफलता, सुख में कमी, दुर्जनों से कष्ट, लाभ, बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता।

कन्या- आज दिन 7/34 बजे तक स्वास्थ्य में सुधार, पारिवारिक उलझनों में कमी, सुयश की प्राप्ति, योजना अधूरी, समस्याओं से दुविधा।

तुला- कार्यों में सफलता, विवादास्पद मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, शत्रु पराभूत, आपसी सम्बन्ध मधुर, सामाजिक कार्यों में अभिरुचि, मन प्रसन्न।

वृश्चिक- पराक्रम से कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह आहार-विहार में नवीनता, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि।

धनु- आज दिन 7/34 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, आरोग्य सुख में कमी, पारिवारिक उलझनें, शेष समय में परिस्थितियों में सुधार, व्यापार में धन निवेश, लाभ भी।

मकर- आज दिन 7/34 बजे तक समय अनुकूल, स्वास्थ्य बेहतर, स्वनिर्णय हितकर, हर्ष भी, व्यवसाय में बाधा, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

कुम्भ- नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के नवीन स्त्रोत, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि।

मीन- विचारित कार्यों के प्रगति हेतु विचार विनिमय, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, सुसमाचार की प्राप्ति, स्थान परिवर्तन में कार्यक्रम, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

हजारों श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर में चढ़ाया प्रसाद

दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ दर्शन कर मांगी मनौती

मीरापुर, 14 मार्च (बु)। कस्बे के महाभारत कालीन श्री शीतला माता (बबरे वाली) के प्रसिद्ध मंदिर में लगने वाले मेले के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। देश-विदेश से आये श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों संग मंदिर पहुंच मेले का आनन्द लिया तथा मनौती मांगी। विश्व विख्यात श्री शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। मंगलवार की सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। दोपहर में देश-विदेश व आसपास के देहात क्षेत्रों से श्रद्धालु भैंसा-बुग्गी, ट्रैक्टर-ट्राली, बस, ट्रक व कार आदि वाहनों में सवार होकर मंदिर पहुंचे तथा माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मेले में पहुंचे नव दम्पति जोड़ों ने भी माथा टेक कर माता रानी से अपने सुःखद जीवन के लिए प्रार्थना की।

भक्ति और आस्था के इस मेले के दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। अनेक श्रद्धालुओं ने अपने नवजात शिशुओं का मुंडन कराया तथा नवजात शिशुओं के बाल माता को अर्पित कर मनौति मांगी। इस दौरान बच्चों, महिलाओं व पुरूषों ने मेले में स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद चखा तथा बच्चों के लिए खिलौने खरीदे व झूलों का आनंद लिया। मंगलवार को मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के चलते भारी पुलिस बल अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहा। इस दौरान जेबकतरों ने कई श्रद्धालुओं की जेब भी काटी। व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से मंदिर समिति के मंत्री अनिरुद्ध शारदा,अरुण शर्मा, दीपक गोयल, मा. चन्द्रपाल सिंह, नितिन शर्मा, विकास कौशिक, नीरज शारदा, विभोर डागा, रूचिन शारदा, मोनू ठाकुर, करण ठाकुर, प्रदीप तोमर, नवनीत शारदा, मिन्टू चौधरी आदि मौजूद रहे।

व्यापार मंडल संग निवेशकों ने डीएम कार्यालय पर दिया धरना

फोटो बुलेटिन

डीएम कार्यालय पर व्यापारी नेता संजय मित्तल के साथ प्रदर्शन करते निवेशक और एजेंट।

कलेक्ट्रेट में विशेष शिकायत खिड़की खोले जाने की उठाई गई मांग

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व घोषित कार्यक्रम के बीच सोमवार को ठग कंपनियों व मल्टी स्टेट क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी से जुड़े निवेशकों ने डीएम कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट से मिले प्रभावित लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अन्य जिलों की भांति जिले में शिकायत खिड़की खोले जाने के साथ ही ऐसी तमाम कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए उनकी मेहनत से कमाई धनराशि को वापस दिलाए जाने की मांग की।

डीएम कार्यालय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले जारी धरने में इन ठग कंपनियों जैसे-आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी, पीएसी एल, सहारा इंडिया परिवार, कल्पतरु, एग्रीकल्चर एग्रोटेक, गोल्डन फॉरेस्ट, सांई प्रसाद, सांई प्रकाश, किम, बाइक बोट आदि कंपनियों के निवेशकों व एजेंटों ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल ने इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को एजेंटों एवं निवेशकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि संसद द्वारा पूर्व में सर्वसम्मति से पारित व भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून-2019 के अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के साथ ही शासन-प्रशासन और बड्स एक्ट 2019 के अंतर्गत नियुक्त सक्षम अधिकारी ठगी के पीड़ितों का भुगतान आरंभ करें और बड्स एक्ट-2019 के अनुपालन भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जिला मुजफ्फरनगर में बड्स एक्ट 2019 एवं राज्यों के पीआईडी एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करवाने हेतु शासन द्वारा नियुक्त सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी और विशेष न्यायालय बड्स एक्ट-2019 की पद पट्टिका उनके कार्यालयों पर प्रदर्शित कराएं, ताकि ठगी पीड़ित व्यक्ति सरलता एवं निर्भयता पूर्वक अपने भुगतान के दावे शासन के समक्ष प्रस्तुत कर अपना भुगतान 180 कार्य दिवस में प्राप्त कर सकें। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने कहा कि इसके साथ ही पूर्व में अभिकर्ताओं के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमें वापस लिए जाए और ठग कंपनी एवं सोसाइटीज के विरुद्ध बड्स एक्ट-2019 के तहत ठगी एवं धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज कराएं।

इस प्रदर्शन के दौरान उन्होंने मांग की कि डीएम कार्यालय में बड्स एक्ट-2019 के आवेदन लेने के लिए अलग से विशेष खिड़की खोली जाएं। नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार ने व्यापारियों से ज्ञापन लेते हुए सभी निवेशकों व एजेंटों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से धरने में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े महेश चौहान, जयपाल शर्मा, डॉ. पुनीत सिंघल, नीरज बंसल, अंशुमन अग्रवाल के अलावा ठगी पीड़ित एवं जमाकर्ता परिवार के जिला संयोजक सोमदत्त रोहेला, अध्यक्ष सतीश गर्ग, केतन कर्णवाल, राकेश कुमार, अंकुज गुप्ता, शिव बली, उमंग कर्णवाल, बालेश्वर त्यागी, अमरदीप, प्रियव्रत शर्मा, समेत दर्जनों निवेशक एवं एजेंट उपस्थित रहे।

वॉलीबाल के मैच में एमबीए की छात्राओं ने जीता खिताबी मुकाबला

फोटो बुलेटिन

वॉलीबॉल मैच में विपक्षी टीम पर शॉट लगाता खिलाड़ी।

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के चौथे दिन की शुरूआत वॉलीबाल की महिला और पुरूष वर्ग की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ क्रिकेट के लीग मैचों से हुई। दो लीग मैच में पहला मुकाबला एमपीएड तथा पॉलीटैक्निक की क्रिकेट टीम के बीच हुआ जो एमपीएड ने 9 विकेट से जीता, वहीं दूसरा मैच एमपीएड व बीएससी (कृषि विज्ञान) विभाग के टीम के बीच खेला गया, जिसमें एमपीएड की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 में आज चौथे दिन वॉलीबॉल महिला तथा पुरूष वर्ग के मुकाबले हुये। वॉलीबॉल महिला वर्ग का पहला मुकाबला एमबीए एवं बीएससी (कृषि विज्ञान) टीमों के बीच खेला गया, एमबीए की टीम ने 2-0 के सैट से जीतकर विपक्षी टीम को चित कर दिया। दूसरा मुकाबला बायोसाइंस और बीएससी (कृषि विज्ञान) की टीमों के बीच खेला गया। मुकाबले में बायोसाइंस विभाग ने 2-0 के सैट से बीएससी (कृषि विज्ञान) को परास्त किया। वहीं फाइनल मुकाबला एमबीए तथा बायोसाइंस विभाग के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले में एमबीए ने बायोसाइंस विभाग को 2-0 सैट से हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। पुरूष वर्ग का पहला मुकाबला विधि तथा पोलिटैक्निक एसआरजीसी के मध्य खेला गया। यह मुकाबला पॉलिटैक्निक एसआरजीसी विभाग ने लगातार दो सैट जीतकर अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला बायोसाइंस ने 2-1 से जीतकर फार्मेसी की टीम को हराया। प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मुकाबला पॉलिटैक्निक और बायोसाइंस के बीच खेला गया, बायोसाइंस ने 15-10 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीपीएड तथा बायोसाइंस के बीच खेला जायेगा।

प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता एक सप्ताह तक आयोजित होती है, जिसमें महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग से विद्यार्थी अपने खेल कौशल की प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। निदेशक डॉ. अशोक कुमार, प्रमोद कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, डीन निशांत राठी, तथा प्रवक्ता नीतू सिंह, डा. अब्दुल अजीज खान, भुपेंद्र, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशांत, विश्वदीप और तरूण का योगदान रहा।

सतीश कौशिक की मौत: दुष्कर्म मामले में अंडरगार्मेंट्स व फुटेज किए गायब

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता सतीश कौशिक की मौत मामले में जांच अधिकारी इंस्पेक्टर विजय सिंह पर सवाल उठे हैं। अभिनेता की मौत पर सवाल उठाकर हड़कंप मचा देने वाली महिला सान्वी मालू ने फिर दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखा है और जांच अधिकारी को बदलने की मांग की है। महिला ने पत्र में कहा है कि जांच अधिकारी भ्रष्ट है और वह उसके दुष्कर्म मामले में सबूत मिटा चुका है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सान्वी मालू को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा तो उसने जांच में शामिल होने से इंकार कर दिया। महिला ने कहा कि जब तक पुलिस जांच अधिकारी को नहीं बदलेगी, तब तक वह जांच में शामिल नहीं होगी। उसने बताया कि जांच अधिकारी ने उसके मामले के बहुत ही महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट कर और अवैध रूप से हटाकर उसके आरोपी पति को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। जांच अधिकारी ने उसके मामले की जांच के दौरान अंडर गार्मेंट्स, सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर जैसे सबूत को नष्ट कर चुके हैं। इसकी वह पहले भी शिकायत कर चुकी है। उसने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी उसके पति विकास मालू और उसके साथियों के साथ पूरी तरह से मिले हुए हैं। इस तथ्य की पुष्टि इस बात से की जा सकती है कि पिछले साल 22 नवंबर को जब पुलिस टीम ने उसके साथ पुष्पांजलि स्थित मालू फार्म पर छापा मारा। सभी आरोपी उस समय फार्म हाउस में मौजूद थे, लेकिन विजय सिंह ने जान बूझकर उन्हें गिरफ्तार करने के बजाए भागने में मदद की। अभिनेता सतीश कौशिक की मौत के मामले में पुलिस अब तक फार्म हाउस के मालिक विकास मालू समेत 20 लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर में आज छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदान के अधिकार से लोकतांत्रिक सरकार का निर्माण विषय पर जागरुकता रैली निकाली गई।

कॉलेज डायरेक्टर मंजू मल्होत्रा और कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने संयुक्त रूप से झंडी दिखा कर रैली को कॉलेज से रवाना किया। रैली का समापन शहर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः कॉलेज में आकर सम्पन्न हुई। छात्र छात्राओ के द्वारा नुकड़ नाटक के माध्यम से मताधिकार के लाभ गिनवाये और समाज में अपनी रचनात्मक सहभागिता को निभाने के लिए अपनी संकल्पता निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी सहायक आचार्य अमित कुमार ने बताया कि आगामी सप्ताह में कॉलेज सात दिवसीय शिवर का आयोजन करेगा, जिसके अंतर्गत छात्र छात्राएं निकटवर्ती गाँव में जा कर स्वछता अभियान तथा विधिक सहायता शिविर में अपने योगदान करेंगे। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों में हनु, वंदना, पाखी, रामशा, प्रिया, अनुराग, अनाम, सिद्धार्थ, शगुन, आकांशा, अंशिता शाशक, जोया, मनिका, वरुण, सागर, निखिल, सनी आदि रहे। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्त, अमित चौहान, प्रीति चौहान, पूनम शर्मा, छवि जैन, बीता गर्ग, अनीता सिंह, अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, गरिमा तोमर, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, प्रीति दीक्षित, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, उमेश त्रिपाठी, संजीव कुमार, विवेक सिरोही आदि उपस्थित रहे।

आरोप: पति ने पत्नी को 4 बच्चों सहित घर से निकाला

बुढ़ाना, 14 मार्च (बु)। एक कलयुगी पति ने अपने भाईयों और मां के कहने पर अपनी पत्नी और 4 मासूम बच्चों को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। अब महिला अपने बच्चों को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रही है। उधर महिलाओं को इंसाफ देने के उद्देश्य से दो साल पहले बुढ़ाना कोतवाली परिसर में बनाये गये महिला थाने की पुलिस भी पीड़ित महिला की कोई मदद नहीं कर रही है। इस मामले में पीड़ित महिला ने अब उच्च अधिकारियों से इंसाफ की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार दिलशाना पुत्री शौकीन शेख निवासी चंधेड़ी रोड बुढ़ाना ने अपनी पुत्री की शादी लगभग 8 साल पहले बुढ़ाना की सफीपुर पट्टी लुहसाना रोड निवासी मुरसलीन पुत्र अली हसन से की थी। वर्तमान में दिलशाना के चार मासूम बच्चे हैं। आरोप है कि दिलशाना का जेठ अवैध मादक पदार्थों का सेवन कर अपने छोटे भाई शौकीन से दिलशाना को पिटवाता है। अब ससुरालिये दिलशाना से अतिरिक्त दहेज में काफी दिनों से बाइक की मांग कर रहे हैं, जिसको दिलशाना व उसके परिजन देने में असमर्थ हैं। बीती 12 मार्च को ससुरालियों ने बाइक ना मिलने पर दिलशाना और उसके चार मासूम बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया और कहा कि जब तक वह उनको बाइक लाकर नहीं देगी तब तक वह यहां नहीं आ सकती। तब दिलशाना रोती बिलखती अपने पीहर आई और अपने परिजनों को सारा किस्सा सुनाया। आरोप है कि पीड़िता महिला थाने में शिकायत करने गयी, तो पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की। पुलिस ने उसके पति को बुलाकर उससे बातचीत कर उसको छोड़ दिया। अब पीड़िता दिलशाना ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फर

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

भाजपा का गठबन्धन गणित

देशभर में सभी दल, चुनावों का गणित बैठाने में लग गए हैं। सभी का एक ही सूत्र है कि "अपना लाभ किससे गठबंधन करने में है" यही सब सोचकर सबकी तैयारी चल रही है। भाजपा भी छोटे दलों में लाभ की संभावना ढूंढ़ रही है, अखिलेश यादव, जयंत चौधरी, सब अपनी अपनी बिसात पर मोहरे सैट करने के लिए कोशिश में लगे हैं। गठबंधन को लेकर नेताओं के बयान भी आ रहे हैं। भाजपा, अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को देखते हुए बिहार में छोटी-छोटी पार्टियों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा के बड़े नेता लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। भाजपा बिहार में जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी गयी है। हाल ही में पार्टी ने राज्य में ज़िला स्तर पर अपने संगठन में बदलाव भी किया है। पिछले सप्ताह बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल और लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान के बीच की मुलाकात को भी इसी नजरिए से देखा जा रहा है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ जेडीयू भी एनडीए का हिस्सा थी। उस चुनाव में बिहार की 40 में से 39 सीटों पर एनडीए की जीत हुई थी। माना जा रहा है कि बिहार में बीजेपी के लिए साल 2019 के प्रदर्शन को दोहरा पाना इस बार आसान नहीं होगा। खासकर किसी बड़ी पार्टी के साथ गठबंधन न होने से भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिहार की सियासत में छोटी पार्टियों में लोक जनशक्ति पार्टी की ताकत ज्यादा मानी जाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में एनडीए में शामिल इस पार्टी को 6 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के बाद एलजेपी दो गुटों में बंट चुकी है। इसका एक गुट पशुपतिनाथ पारस के नेतृत्व में एनडीए से जुड़ा हुआ है। जबकि दूसरा धड़ा चिराग पासवान के साथ है। चिराग पासवान एनडीए से अलग हैं, लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे भाजपा के करीब जाते नजर आ रहे हैं। दिसंबर महीने में मुजफ़्फरपुर के कुढ़नी में हुए विधानसभा उपचुनाव के दौरान चिराग पासवान ने भाजपा के लिए प्रचार भी किया था। महागठबंधन के पास बिहार में फि लहाल करीब 45 फीसदी वोट है, जबकि बीजेपी के पास महज 24 फीसदी वोट हैं चिराग पासवान यानी लोक जनशक्ति पार्टी के 6 फीसदी वोट और 3 फीसदी कुशवाहा वोट जोड़ दें, तो भी यह महागठबंधन से काफी पीछे है। अगर आरजेडी और जेडीयू सच में सारे मतभेद भुलाकर और एकजुट होकर चुनाव लड़ें तो बिहार में भाजपा का क्या हाल होगा, यह आशंका भाजपा को हमेशा घेरे रहती है। अगर छोटे दल भाजपा के साथ आते हैं, तो भाजपा अपने पक्ष में माहौल बनाने या महागठबंधन पर सवाल उठाने और आलोचना करवाने में इन दलों का इस्तेमाल कर सकती है। मुकेश सहनी की पार्टी, विकासशील इंसान पार्टी ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के साथ मिलकर तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। उनकी विकासशील इंसान पार्टी को इसमें कोई सफलता नहीं मिली थी। दूसरी तरफ साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में वीआईपी के तीन विधायक चुनकर आए थे। मार्च 2022 में तीनों ही बीजेपी में शामिल हो गए थे। 2020 के विधानसभा चुनावों में 'वीआईपी' उपेंद्र कुशवाहा की तब की पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी से ज्यादा सफल रही थी। आरएलएसपी को उन चुनावों में एक भी सीट नहीं मिली थी। जीतन राम मांझी गया और इसके आसपास के इलाके में महादलित समुदाय के बीच असर रखते हैं। मांझी अपने विधायक बेटे संतोष सुमन को बिहार का मुख्यमन्त्री बनवाने की महात्वाकांक्षा पाले हुए हैं। इसलिए साझीदार होने के बाद भी मांझी को लेकर महागठबंधन पूरी तरह उन पर भरोसा नहीं करता है। जीतन राम मांझी ने हाल ही में बयान दिया है कि वो नीतीश कुमार को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे, नीतीश ने उन्हें सीएम बनाया था और यह छोटी बात नहीं है। जीतन राम मांझी कभी ब्राह्मणों पर तो कभी 'राम' पर अपने बयानों से विवाद खड़ा कर चुके हैं। जबकि 'राम' भाजपा की राजनीति का अहम हिस्सा रहे हैं। ऐसे में भाजपा जीतन राम मांझी को साथ लाने की कोशिश करेगी? यह अभी सवाल ही है, राजनीति में कल कौन कहां होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। इस समय बिहार सरकार में सत्ता पर काबिज महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी 'राष्ट्रीय जनता दल' के नेता और करीबी लोग सीबीआई और ईडी में उलझे हुए हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू पहले अपने ही नेता उपेंन्द्र कुशवाहा से परेशान रही। कुशवाहा के बाद तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर कथित हमले को लेकर बीजेपी ने नीतीश पर हमला शुरू कर दिया। पिछले साल महागठबंधन की सरकार बनने बाद से कभी जहरीली शराब से मौत और शराबबंदी को लेकर उठ रहे सवालों का दबाव भी नीतीश कुमार पर बना हुआ है। बिहार में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी पार्टियों के साथ समीकरण बनने के इंतजार में हैं। कांग्रेस, बिहार को लेकर निश्चिंत है कि आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में उसके पास एक गठबंधन है, बाकी ज्यादातर राज्यों में उसे गठबंधन बनाने में भी मुश्किलें आ रही हैं। माना जा रहा है कि बिहार में जेडीयू से बगावत कर नई पार्टी बनाने वाले उपेंद्र कुशवाहा एक बार फिर एनडीए के साथ जा सकते हैं। केंद्र सरकार ने उपेंद्र कुशवाहा को हाल ही में वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। बिहार में भाजपा विरोधी पार्टी लगातार यह आरोप लगा रही थी कि भाजपा के इशारे पर ही कुशवाहा ने जेडीयू से इस्तीफा दिया है और अपनी नई पार्टी बनाई। गठबंधन या गठबंधन का गणित सफल हो ये आवश्यक भी नहीं है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और 5 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि बसपा के खाते में 10 सीटें आई थीं। इसके बाद अखिलेश यादव ने कहा था कि बसपा का वोट सपा में ट्रांसफर नहीं हुआ और फिर दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन टूट गया था। इसी तरह, 2017 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस से गठबंधन का फायदा सपा को नहीं मिला था। इसके बाद साल 2022 के चुनाव में सपा ने अकेले चुनाव लड़ा था। देखना यह है कि इस बार किस-किस दल में गठबंधन होता है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"बकवास" "औकात" "काम" "सियासत"

रोज ही बकवास करके उनको सुलगाते रहें,
काम करने वालों को औकात बतलाते रहें।
जाहिलों की भी जरूरत है सियासत में सुनील,
अच्छे नेताओं को भी जो रोज खड़काते रहें।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत ओरिएंटेशन /संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत ओरिएंटेशन /संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में कराया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु ओरिएंटेशन संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत PC&PNDT सेल के मेंबर्स, UPSRLM, विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेता, पाँच गैर सरकारी संगठन एवं CSR प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर सिंह फौजदार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए है। महिलाओं को संबोधित किया गया एवं ज़िले पर कार्यरत आशा एवं आंगनवाड़ियों को सम्मानित किया गया। PC&PNDT के नोडल अधिकारी डॉक्टर विपिन द्वारा PC&PNDT एक्ट के बारे में महिलाओं को बताया गया है एवं डॉक्टर लोकेश गुप्ता द्वारा बेटियों को सशक्त करने हेतु बालिकाओं की पढ़ाई पर जोर दिया गया, जिससे बेटियां सशक्त हो सके। डॉक्टर गीतांजलि वर्मा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी द्वारा महिलाओं को शिक्षित एवं महिलाओं को जागरूक होने की बात कही गई। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अन्नप्राशन, गोद भराई एवं मॉडलों की आकृति द्वारा बालिकाओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए स्टॉल लगायी गई। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री ज्योति प्रजापति के द्वारा कौशल विकास मिशन के अंतर्गत महिलाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। PC&PNDT एक्ट के सदस्य बीना शर्मा द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ने एवं चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो की बात पर चर्चा करते हुए समाज में महिलाओं को सशक्त करने हेतु चर्चा की गई सतीश चंद्र गौतम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिलाओं को ज़िले स्तर पर चल रही महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर सिंह फौजदार, डॉक्टर राजीव निगम, ACMO डॉक्टर विपिन कुमार, डॉक्टर लोकेश गुप्ता, डॉक्टर गीतांजलि वर्मा, सतीश चंद्र गौतम जिला प्रोबेशन अधिकारी, राजेश कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी, ज्योति प्रजापति जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, डॉक्टर राजेश कुमारी वैदिक पुत्री पाठशाला प्रधानाचार्य, मनोज कुमार NRLM, होती लालजी आचार्य कोल, मौलाना हम्द मुस्लिम धर्मगुरूओं, ऊषा रानी रफ ख, रश्मि मिश्रा, ज्योत्सना कम्युनिटी बेस्ट NGO, क्रांतिकारी शालू सैनी, पूजा (मातृशक्ति NGO), अमृता स्वयं सहायता समूह, पवित्रा शर्मा CDPU, सीमा चौधरी सुपरवाइजर, चंद्रावती आंगनवाड़ी, आशा बहनें जिला प्रोबेशन कार्यालय से महिला कल्याण अधिकारी शिवांगी बालियान, पूजा एवं संजय शामिल रहे।

चुनाव अधिकारी पर लगाया लिस्ट बदलने का आरोप

जानसठ, 14 मार्च (बु.)। किसान सेवा सहकारी समिति सालारपुर के संचालक पद पर चुनाव होना है। ग्रामीणों ने चुनाव अधिकारी पर रातों-रात लिस्ट बदलने का आरोप लगाया है। मंगलवार को गांव ढांसरी निवासी अशोक पुत्र कालूराम ने डीएम को शिकायती-पत्र भेजकर किसान सेवा सहकारी समिति सलारपुर के चुनाव अधिकारी आलोक भारद्वाज पर रातों-रात लिस्ट बदलने का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायती-पत्र में बताया कि चुनाव अधिकारी आलोक भारद्वाज ने सोमवार की शाम को लिस्ट चस्पा कर दी थी। मंगलवार की सुबह जब समिति पर जाकर देखा, तो सोमवार की शाम को चस्पा की गई लिस्ट को हटाकर मंगलवार की सुबह नई लिस्ट लगा दी। रातो रात नई लिस्ट लगाने तथा लगभग 100 नाम एक बार से दूसरे वार्ड में करने पर ग्रामीणों ने हंगामा किया तथा चुनाव अधिकारी आलोक भारद्वाज पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए उनके स्थान पर नया चुनाव अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है। इस विषय में जब किसान सेवा सहकारी समिति सलारपुर के चुनाव अधिकारी आलोक भारद्वाज से बात करने की कोशिश की गई, तो उनका नंबर नेटवर्क से बाहर जाता रहा।

▶▶ चुनाव अधिकारी पर रातों-रात लिस्ट बदलने का आरोप

4 ट्रांसफार्मरों से लाखों रुपए का सामान चोरी

-8 ट्यूबवैलें हुई ठप्प, किसानों में बना भारी रोष

बुढ़ाना, 14 मार्च (बु)। कुछ अज्ञात चोरों ने एक ही जंगल में स्थित 08 ट्ढूबवेलों के 4 विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी करके बायवाला पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। एक ही रात में 4 ट्रांसफार्मरों के चोरी होने पर किसानों में भारी रोष बना हुआ है और उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार की अल सुबह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिटावदा निवासी विनीत सहरावत अपने खेतों में गये, तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। अज्ञात चोरों ने उनके चाचा कृष्णपाल सिंह पुत्र फेरु सिंह की ट्यूबवैल के पास रखा कीमती विद्युत ट्रांसफार्मर नीचे गिराकर उसका कीमती तार व अन्य सामान चोरी कर लिया था।

यहां मौके पर सिर्फ ट्रांसफार्मर का खोखा ही बचा था। इसके अलावा यहां चोरों ने आसपास के किसानों की ट्यूबवैल के पास विद्युत खंभों पर रखे अन्य 3 विद्युत ट्रांसफार्मरों को भी नीचे गिराकर उनका कीमती सामान निकाला हुआ था। यह तीनों ही विद्युत ट्रांसफार्मर सत्यवीर सिंह पुत्र आशाराम सहरावत, नीटू पुत्र ईश्वर सिंह और बिजेंद्र पुत्र अतर सिंह की ट्यूबवैल के समीप रखे हुए थे।

बताया जा रहा है कि इन चारों ट्रांसफार्मरों का सामान चोरी हो जाने पर यहां की 8 ट्ढूबवेलें ठप्प होने से किसानों में पुलिस के प्रति रोष बना है और उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

एच3एन2 के साथ कोरोना के मामले भी बढ़े

नई दिल्ली। दिल्ली में एच3एन2 के मामले बढ़ने के साथ कोरोना के केस फिर से बढ़ने लगे है। सोमवार को इस साल में पहली बार 10 से अधिक मामले सामने आए। संक्रमण दर भी तीन फीसदी से अधिक रही। डॉक्टरों की मानें तो अभी घबराने की जरूरत नहीं है। एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस मजबूत हुआ है, जिसके लक्षण कोरोना की तरह ही हैं। हालांकि, यह ज्यादा प्रभावी नहीं है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, सोमवार को कोरोना के 13 नए मामले सामने आए। यह आंकड़ा इस साल में सबसे अधिक है। इससे पहले 29 दिसंबर को 11 मामले सामने आए थे। रविवार को दिल्ली में 401 लोगों की कोरोना जांच हुई, जिसमें 3.24 फीसदी लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। वहीं 14 मरीजों को छुट्टी दी गई। राहत की बात है कि किसी मरीज की कोरोना के कारण कोई मौत नहीं हुई। दिल्ली में कोरोना के 38 सक्रिय मरीज हैं। इनमें से 20 मरीज घरों में जबकि पांच मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इन पांच मरीजों में से दो मरीज आईसीयू पर जबकि एक ऑक्सीजन सपोर्ट पर है।

बिकाऊ
30 बीघा ज़मीन
देहरादून हाईवे
(ग्राम शेरनगर)
सिर्फ़ प्रॉपर्टी डीलर संपर्क करें
बढ़िया कमीशन
999 000 47 19

व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का खतौली में भव्य स्वागत

खतौली, 14 मार्च (बु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के पचास वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का नगर आगमन पर व्यापारियों पर ढोल नगाड़ों व गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के स्वर्ण जयन्ती पर नगर में आई व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का गंगनहर पर व्यापार मण्डल के प्रान्तीय संगठन मंत्री व नगर अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों द्वारा गगनभेदी नारों व पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया तथा स्वाभिमान यात्रा में शामिल व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकन्द मिश्रा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पाण्डे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदूबे, सुल्खान सिंह नामधारी, दिनेश बंसल प्रदेश संगठन मंत्री सहित जिला अध्यक्ष अशोक कंसल पूर्व विधायक का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मुकन्द मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहा है तथा भविष्य में व्यापारी हितों के लिए करता रहेगा। उन्होंने बताया कि व्यापार मण्डल की बढ़ती ताकत व

लोकप्रियता व बढ़ते जनाधार के फलस्वरूप समय-समय पर देश की सरकारों द्वारा व्यापारियों के हितों में अनेक कानून बनाये तथा अनेक महत्वपूर्ण फैसले व्यापारियों के हितों के लिए गये। उन्होंने बताया कि सन 1984 में उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के गठन के साथ-साथ इसकी बागडोर कानपुर के व्यापारी नेता श्यामबिहारी मिश्रा ने अध्यक्ष के रूप में सम्भाली तथा उनके नेतृत्व में संगठन को नई पहचान मिली। वर्तमान में यह संगठन वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इसके साथ स्वाभिमान यात्रा का नगर में इन्दिरा मूर्ति, राजाराम मण्डी, खतौली ग्रामीण क्षेत्र भूड़ आदि क्षेत्रों में जोरदार स्वागत किया गया। स्वाभिमान यात्रा के स्वागत आयोजन के दौरान नगर अध्यक्ष राजेश जैन, अरविन्द वर्मा महामंत्री, भावेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, मदन छाबड़ा, संजय जैन सर्राफ, रवि ग्रोवर युवा अध्यक्ष, ऋषभ जैन महामंत्री, देवेन्द्र गुप्ता, सतीश वर्मा, अनिल, धर्मपाल सैनी, कुशांक ग्रोवर, हरीश भसीन, नीरज जैन, अंजू चढ्डा, हरिओम टण्डन, विपिन, प्रदीप, अनुपम, मुकेश तायल आदि सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

RAKHEE PUBLIC SCHOOL
(10+2, Affiliated to CBSE, New Delhi)
8th KM, Mansurpur-Shahpur Road,
Sohanjani Tagan, Muzaffarnagar (U.P.)
WALK IN INTERVIEW
PGT's & TGT's : Physics, Chemistry, Maths, Biology, English
PRT's : All Subjects, Librarian, Counselor, P.E.T. (Female), Music & Computer Teacher (I to VIII)
ADMISSION OPEN
-: VENUE :-
School Campus, Date & Time : 19th March-2023, Sunday, 9:30 A.M. with Original Documents
Mail Resume upto 18th March - 2023
E-mail : rakheepublicschool@rediffmail.com
(Website - www.rakheepublicschool.in)
Contact No. 9837002327, 6396159468, 0131-2970758
Conveyance from Mahaveer Chowk 8.30 AM Sharp
Dr. R.N. Tyagi (Manager) Pramod Kumar (Principal)

दो मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंची इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं

-जनपद में बनाए पांच मूल्यांकन केंद्र, होगी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की बीते दिनों निर्विघ्न हुई बोर्ड परीक्षा के बाद जनपद में अब बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उक्त व्यवस्था के बीच जनपद में इस बार भी 5 कॉलेजों को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है, जिनमें तीन मूल्यांकन केंद्रों को जहां हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए केन्द्र बनाया गया है, वहीं दो केन्द्रों को इस बार इंटरमीडिएट के लिए चयनित किया गया है। मंगलवार को इन दोंनों केंद्रों पर इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच गई। साथ ही पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम को समय रहते घोषित किए जाने की शुरू प्रक्रिया के बीच मुजफ्फरनगर जिले में प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए 5 मूल्यांकन केंद्रों में से मंगलवार को चयनित किए राजकीय इंटर कॉलेज और डीएवी इंटर कॉलेज पर इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं कड़ी सुरक्षा के बीच में पहुंच गई। डीआईओएस गजेंद्र कुमार ने बताया कि मूल्यांकन केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। राजकीय इंटर कॉलेज पर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जहां 32 प्रधान परीक्षक व 302 परीक्षक रहेंगे। वहीं दूसरी ओर डीएवी इंटर कॉलेज में 35 प्रधान परीक्षक और 324 परीक्षक रहेंगे। इसके अलावा इस्लामिया इंटर कॉलेज पर कुल 34 प्रधान परीक्षक और 337 परीक्षक, चौ. छोटूराम इंटर कॉलेज पर कुल 33 प्रधान परीक्षक और 334 परीक्षक, एसडी इंटर कॉलेज पर 34 प्रधान परीक्षक और 337 परीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार को यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की शुरू हुई तैयारियों के बीच डीआईओएस ने तमाम मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और उत्तर पुस्तिकाओं का रख-रखाव भी देखा।

जिले में 127 समितियों के 1143 पदों को किए नामांकन

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। यूपी में सहकारी समितियों के चुनाव की शुरू प्रक्रिया के बीच मंगलवार को जनपद में 65 सहकारी समिति और 62 राज्य कर्मियों की समितियों पर कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया विधिवत शुरू हो गई। इस दौरान जनपद की तमाम समितियों पर होने वाले चुनाव में संचालक के नौ-नौ पदों के लिए चुनाव होना है। सहकारी समितियों के बूते इन समितियों में स्थान पाने के लिए शुरू नामांकन के दौरान राजनीतिक दलों के समर्थक भी गुणा भाग में लगे रहे। मंगलवार को मुजफ्फरनगर जिले की सहकारी समितियों पर संचालक पद के नामांकन के लिए दिनभर जोड़-तोड़ का क्रम जारी रहा। इस दौरान नामांकन केन्द्रों पर शासन के निर्देशों के क्रम में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी। मुजफ्फरनगर जिले में इन संचालकों के 1143 पदों के लिए मंगलवार को चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। सभापति और उप सभापति के इस चुनाव में समितियों के नामित संचालक मतदान कर सकेंगे। ऐसे में जिले के अधिकांश नामांकन केन्द्रों पर राजनीतिक दलों के दिग्गजों की देखरेख में अपने-अपने पक्ष के संचालक बनवाने के लिए जोर आजमाइश चलती रही। विभिन्न समितियों के कई पदों पर एक-एक नामांकन आने से निर्विरोध निर्वाचन भी भविष्य में तय माना जा रहा है। मगर, इससे पहले इन तमाम नामांकन पत्रों की जांच होनी है। चुनाव प्रभारी एडीसीओ सतेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में कुछ समितियों पर संचालकों के चुनाव इस बार निर्विरोध होने की संभावना है, जो तय कार्यक्रम में अनुसार ही सामने आएगा। बता दें, जनपद में करीब डेढ लाख से अधिक किसान सहकारी समितियों से जुड़े हुए है। समितियों से किसान क्रेडिट कार्ड के साथ खाद, बीज आदि भी प्राप्त करते है। जनपद में करीब 65 सहकारी समिति व 62 अन्य समितियों में इस बार चुनाव होना है। जिले में 127 समितियों पर होने जा रहे चुनाव के लिए आरक्षण व वोटर लिस्ट का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है।

मतदाता सूची को लेकर एआर को-अपरेटिव में करीब 16 से अधिक आपत्तियां बीते दिनों आयी हैं, जिनका निस्तारण करने के बाद सभी समितियों पर मतदाता सूची का प्रकाशन कराया। अब 15 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 16 को नाम वापसी व चुनाव चिह्न आवंटन और 18 मार्च को समितियों के सदस्य पदों पर चुनाव और मतदान के बाद मतगणना होगी। वहीं चुने गए सदस्य 19 मार्च को सभापति और उपसभापति का चुनाव करेंगे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

बुढ़ाना, 14 मार्च (बु)। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक चालक घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी व बच्ची बाल बाल बच गई। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ निवासी साजिद अपनी पत्नी नगमा और मासूम बच्ची हुमैरा के साथ चंधेड़ी रोड पर स्थित समाजसेवी गुलफाम खान की बहन की शादी में आया हुआ था। मंगलवार की सुबह वह अपनी बाइक पर सवार होकर पत्नी व बच्ची को लेकर अपने घर मेरठ जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा में आया, तो सामने खेत से ट्रैक्टर लेकर अपने गांव नगवा आ रहे एक अज्ञात किसान ने तेज गति के चलते ट्रैक्टर की टक्कर बाइक में मार दी और गांव नगवा की गलियों में फरार हो गया। टक्कर लगते ही बाइक पर सवार दम्पती बच्ची सहित नीचे गिर गया, जिसमें साजिद को गंभीर चोट आई जबकि उसकी पत्नी नगमा और बच्ची बाल-बाल बच गई। ग्रामीणों ने घायल साजिद को घटनास्थल से उठाकर गांव के चिकित्सक से उपचार कराया, जहां चिकित्सक ने घायल साजिद को बुढ़ाना अस्पताल के लिए भेज दिया। उधर काफी देर में उपचार के बाद साजिद को होश आया। उधर पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई।

आज से बदलेगा मौसम, जल्द होगी बारिश

-होली के बाद गर्माते तापमान ने पंखों के चक्के घुमवाए
-जल्द ही तापमान में फिर दर्ज हो सकती है गिरावट

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। होली के बाद गर्माते माहौल में तापमान लगातार तीस डिग्री से ऊपर चल रहा है। इसके चलते गर्मी बढ़ी है। आज भी पारा अधिकतम 31.2 और न्यूनतम 16.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग कल से हल्के बादलों की आमद के साथ शुक्रवार से तापमान में गिरावट और शनिवार से दो दिन तक बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जता रहा है। पहाड़ों पर आज हुई बारिश का असर भी मौसम पर पड़ सकता है। होली खासे गर्म मौसम में हुई। इसके बाद से लगातार तापमान में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। रात में थोड़ी गर्माहट बढ़ी है। इसके साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी लोगों को बेहाल करने लगा है। गर्माहट बढ़ने के बाद अब पंखों का चक्का घूमने लगा है। ऐसे में मौसम विभाग ने जल्द फिर मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। इसकी शुरूआत बुधवार को बादलों की आमद से हो सकती है, लेकिन शुक्रवार से बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। स्काईमेट वेदर के अनुसार एनसीआर में जल्द ही प्री-मानसून बारिश होने की संभावना है। मौसम की गतिविधि 16 मार्च की रात के आसपास शुरू होने की संभावना है, जो सप्ताहांत तक बनी रहेगी और अगले सप्ताह तक भी फैल सकती है। बारिश भारी नहीं होने वाली है और पूरी अवधि के दौरान एक या दो मध्यम बारिश शामिल हो सकती है। हालांकि, कल से आसमान में बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में थोड़े-थोड़े अंतराल के साथ पूरी अवधि तक बने रहेंगे। पश्चिमी हिमालय पर 16 मार्च को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इस प्रणाली को राजस्थान के ऊपर एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण का समर्थन प्राप्त होगा। दिल्ली के करीब एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा चलेगी। 16 तारीख की रात से हल्की बारिश शुरू हो सकती है और 21 मार्च तक नियमित रूप से बनी रहेगी। शेष प्रभाव 22 तारीख को भी कम अवधि की हल्की बारिश के साथ देखा जा सकता है। 17 और 19 मार्च के बीच तीव्रता और प्रसार अपेक्षाकृत अधिक होगा और 18 और 19 मार्च को दिल्ली व एनसीआर के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की बाहरी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस बीच मंगलवार को दोपहर बाद पहाड़ी इलाकों में जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और देहरादून के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। कई स्थानों पर तेज ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में लगी फसलों और फलों को बेहद नुकसान पहुंचा है। अगले चार दिन उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश और अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है। देहरादून में भी बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। साथ ही कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है।

मुठभेड़ में दो बाइकों समेत दो लुटेरे गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। थाना मन्सूरपुर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ में में दो लुटेरे गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटी गयी 2 मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद करने का दावा पुलिस ने किया है। मंसूरपुर क्षेत्र के दुधाखेड़ी जोहरा रोड के जंगल में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ में 2 लुटेरे अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा थाना मन्सूरपुर क्षेत्र और रतनपुरी से भी मोटरसाइकिल लूट की घटना की गयी थी जिसके सम्बन्ध में मामले पंजीकृत किए गए थे। थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उक्त दोनों अभियोगों का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से उपरोक्त अभियोगों से सम्बन्धित लूटी गयीं 2 मोटरसाइकिल, लूट की घटना करने के लिए प्रयुक्त 1 अन्य मोटरसाइकिल तथा अवैध शस्त्र मय कारतूस बरामद किये गये। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी खतौली में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अजय पुत्र सुभाष निवासी करडी थाना छपरौली जनपद बागपत तथा वंश छोकर पुत्र ओमवीर निवासी नगली साधारण थाना दौराला जनप

योगी सरकार की बड़ी घोषणा : सरसों, चना और मसूर की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी खरीद

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। यूपी सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। 2 अप्रैल के बाद प्रदेश में सरसों, चना एवं मसूर की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू की जाएगी। 5450 रुपए प्रति कुंतल की दर से सरसों व 5335 रुपए की दर से चना की खरीद होगी। वहीं, मसूर की खरीद 6000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से जाएगी। यह व्यवस्था फिलहाल उन जिलों में की जा रही है जहां इनका उत्पादन 10000 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में होगा। मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं अपर मुख्य सचिव गोकुल देवेश चतुर्वेदी ने यह जानकारी दी। इसके लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं अन्य समस्याओं पर भी कैंप लगाए जाएंगे और बीज का वितरण भी किया जाएगा। यह खरीद नेफेड के जरिए की जाएगी। इसके अलावा 50 प्रतिशत अनुदान पर सभी फसलों का हाइब्रिड बीज भी दिया जाएगा।

अखिलेश यादव बोले, रामनवमी के लिए एक लाख नहीं 10 करोड़ दें और सभी त्योहार मनाएं

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। राम नवमी और नवरात्रि के लिए योगी सरकार द्वारा की गई घोषणा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर योगी सरकार को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि रामनवमी मनाने के लिए उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारियों को एक लाख रुपये दिए जाने के प्रस्ताव का स्वागत है, पर इतनी कम रकम से क्या होगा। उन्हें कम से कम 10 करोड़ रुपये देने चाहिए, जिससे सभी धर्मों के त्योहारों को मनाया जा सकें। भाजपा सरकार त्योहारों पर फ्री सिलेंडर दे और इसकी शुरूआत इसी रामनवमीं से हो। योगी सरकार ने एलान किया है कि नवरात्रि में दुर्गाशप्तशती और भगवान श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर अखंड रामायण का पाठ कराया जाएगा। इसके लिए एक लाख रुपये प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को दिए जाएंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं की विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम की ओर से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व 22 से 30 मार्च तक पड़ रहे हैं। सरकार इन आयोजनों के लिए हर जिले को एक-एक लाख रुपये उपलब्ध करा रही है। इन कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इसे सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जाएगा।

अकाल तख्त एक्सप्रेस में महिला पर की पेशाब, टीटीईटी गिरफ्तार

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। अमृतसर से कोलकाता जा रही अकालतख्त एक्सप्रेस में एक महिला से बदसलूकी का मामला सामने आया है। ट्रेन में नशे में धुत एक टीटीई ने रविवार रात एक महिला के सिर पर पेशाब कर दिया। महिला के शोर मचाने पर उसके पति ने टीटीई को पकड़ लिया। वह नशे में धुत था। ट्रेन के लखनऊ पहुंचने पर यात्री की शिकायत पर टीटीई को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जीआरपी चारबाग के इंस्पेक्टर नवरत्न गौतम के मुताबिक, अमृतसर निवासी राजेश अपनी पत्नी के साथ अकाल तख्त एक्सप्रेस के ए वन कोच में यात्रा कर रहे थे। रात को करीब 12 बजे जब उनकी पत्नी अपनी सीट पर आराम कर रही थीं तब नशे में धुत टीटीई मुन्ना कुमार ने महिला के सिर पर पेशाब कर दी। महिला के चीखने पर यात्रियों ने टीटीई को दबोच लिया और उसकी पिटाई कर दी। यात्रियों का कहना था कि टीटीई नशे में धुत था। जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि यात्री राजेश की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और टीटीई को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में जीआरपी के पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा का कहना है कि आरपीएफ कंट्रोल रूम और ट्विटर के माध्यम से हमें इस घटना की जानकारी मिली है। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी इंस्पेक्टर नवरत्न गौतम ने टीटीई मुन्ना कुमार को ट्रेन से नीचे उतारा और यात्री की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। टीटीई मुन्ना कुमार सहारनपुर में तैनात हैं। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

यूपी में तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। यूपी में मंगलवार को तीन आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है। एडीजी जीआरपी सतीश गणेश को पीटीएस मुरादाबाद भेजा गया है। एडीजी पीएचक्यू एसके भगत को जीआरपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रवि जोसेफ लोक्कु एडीजी पीटीएस मुरादाबाद के अतिरिक्त प्रभार से अवमुक्त किये गए।

बुर्कानशी महिलाओं ने चुराये सोने की लौंग के 2 पत्ते

खतौली, 14 मार्च (बु)। गहनों की खरीदारी करने आई दो बुर्कानशी महिलाओं ने सर्राफ की दुकान से सोने की लौंग के दो पत्ते चोरी करने की वारदात से बाजार के दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दो बुर्कानशी महिलाएं बड़ा बाजार स्थित सुभाषचंद सोनू जैन मुखिया सर्राफ की दुकान पर सोने की लौंग की खरीदारी करने आई। बताया जाता है कि महिलाओं की मांग पर दुकानदार द्वारा जब सोने की लौंग के अनेक पत्ते महिलाओं को दिखाये। बताया जाता है कि इस दौरान महिलाओं द्वारा लौंग के दो पत्ते अपने बुर्के में छुपा लिये तथा लौंग पसन्द ना आने का बहाना बनाते हुए जैसे ही दोनों महिलाएं दुकान से वापस जाने लगी, परन्तु जब सर्राफ ने लौंग के पत्तों की गिनती की, तो पाया कि लौंग के दो पत्ते गायब है। जिसपर सर्राफ द्वारा जब दो पत्ते कम होने की बात कही, तो दोनों महिलाओं ने हमें कुछ नहीं पता कहते हुए गायब हुए लौंग के पत्तों से पल्ला झाड लिया। इस पर सर्राफ द्वारा शोर मचाये जाने पर आस-पड़ौस के दुकानदारों की भीड़ जमा हो गयी। अपने को भीड़ से घिरा देखते हुए महिलाओं के पास लौंग के पत्ते बरामद होने से सर्राफ ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिलाओं को हिरासत में लेकर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ शुरू की।

दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 78 फीसदी भारत के

नई दिल्ली। भारत में प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत आठवें नंबर पर है। भारतीय शहरों में औसतन पर्टिकुलेट मैटर 2.5, 53.3 माइक्रोग्राम पाया गया है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से 10 गुना ज्यादा है। बता दें कि स्विट्जरलैंड की फर्म 'आईक्यू एयर' ने 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' के नाम से अपनी रिपोर्ट मंगलवार को जारी की। दुनिया के 131 देशों के डाटा के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया का सबसे प्रदूषित देश चाड है। जहां औसतन वायु प्रदूषण पीएम 2.5 स्तर पर 89.7 पाया गया है।

समस्या निदान न होने पर 16 की रात्रि से 12 घंटे की हड़ताल

▶ निगमों के टकराव टालने को सीएम से हस्तक्षेप की अपील ▶ कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकालकर सरकार को चेताया

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। यूपी में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने लंबे समय से ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के नकारात्मक रवैये के बीच में अनावश्यक टकराव को टालने को प्रदेश के मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की है। मंगलवार को संघर्ष समिति द्वारा आयोजित मशाल जुलूस के माध्यम से विद्युत कर्मचारियों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन को चेताया। बाद में बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री से ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाये जाने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की गयी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का निदान न हुआ तो 16 मार्च की रात्रि से कर्मचारी अपने अधिकारों की खातिर 72 घंटे की घोषित हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

मंगलवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की संपन्न बैठक में कहा कि ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ विगत 3 दिसम्बर को लिखित समझौते का क्रियान्वयन न होने से कर्मियों में रोष व्याप्त है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि समझौते के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी बाधा ऊर्जा निगम चेयरमैन एम देवराज का रवैय्या है, जो कि ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को मानने से इंकार कर रहे हैं। ऊर्जा निगमों के चेयरमैन का रवैय्या इतना नकारात्मक है कि वें शक्ति भवन में उपस्थित रहते हुए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा से संघर्ष समिति की वार्ता में उपस्थित नहीं रहते। इस प्रकार वें ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के प्रति सार्वजनिक रूप से अनादर व्यक्त कर रहे हैं जिससे बिजलीकर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। संघर्ष समिति की बैठक में चेतावनी दी गयी कि यदि 16 मार्च तक ऊर्जा मंत्री के साथ में हुए समझौते का क्रियान्वयन सुनिश्चित न किया गया तो 16 मार्च में रात्रि 10 बजे से यूपी के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता एवं निविदा व संविदा कर्मी 12 घंटे की हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे जिससे उत्पन्न होने वाली किसी परिस्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन का होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ करने से पूर्व अर्थात 16 मार्च की रात्रि 10 बजे तक बिजलीकर्मी कार्य बहिष्कार किया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक ध्यानाकर्षण के कारण किसी भी बिजलीकर्मी का उत्पीड़न किया गया तो उसी समय प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने के साथ ही सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान संघर्ष समिति मुजफ्फरनगर से जुड़े इं. आईपी सिंह, इं. अतुल यादव, इं. जगरोशन, कमल सिंह, गुलजार अहमद, इं मुकेश मुकीम, इं. पवन शर्मा, अंकित सिंह, इं. नितिन अरोड़ा, इं. बीबी गुप्ता, इं. आरएन त्यागी, इं.पूसी वर्मा, इं. रमजित सिंह समेत सैंकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विद्युतकर्मी

मुख्यमंत्री की जीरो टोलरेंस नीति को ध्यान में रखकर कर्तव्यों का करें पालन: कपिल देव

▶ मंत्री ने अफसरों संग बैठक में दिए द्रुतगामी विकास के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। शहर विधानसभा सीट से विधायक एवं व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बीते दिवस मेरठ रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यमंत्री कपिल देव ने स्पष्ट कहा कि अपने दायित्वों के निर्वाह में किसी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा की गई शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टोलरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का समय से पालन सुनिश्चित करें। राज्यमंत्री कपिल देव ने शहर की सड़कों व नालियों को सुदृढ कराने तथा लद्दावाला, आबकारी, चुंगी नं. 2, प्रेमपुरी, गांधी कॉलोनी, बचन सिंह कॉलोनी आदि नालों का ह्यूमपाईप डलवाकर निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने रुडकी रोड स्थित कंबल कारखाने की तमाम निष्प्रयोजित भूमि पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। मंत्री कपिल देव ने पूर्व में भी यहां एक बड़ा मल्टीप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव दिया था।

अधिकारियों संग संपन्न बैठक में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल नगरीय क्षेत्र के सौंदर्यकरण को लेकर गंभीर दिखाई दिए। उन्होंने स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में, उन्होंने अलमासपुर चौक, पुलिस चौकी गांधीनगर चौक, नवीन मंडी स्थल, शहीद प्रेमपाल चौक, लाला लाजपत राय चौक, मीनाक्षी चौक, महावीर चौक, अहिल्याबाई चौक, झांसी की रानी चौक, मदीना चौक, सूजडू चौराहा, जानसठ रोड व जानसठ बस स्टैण्ड चौक आदि के सौंदर्यकरण पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों में विशेष रूप से तमाम चौराहों का आधुनिक तरीके से सौंदर्यकरण व उनकी साफ-सफाई जिम्मेदारी का प्राथमिकता से निर्वहन किए जाने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद् की सीमा विस्तार के बाद शहरी क्षेत्र में जुड़े गांवों में बिजली, पानी, स्वच्छता, प्रकाश, सौंदर्यकरण आदि अवस्थापना की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश देते हुए राज्यमंत्री कपिल देव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शहरी जीवन में किसी स्तर पर कोई कमी न रहे। वें नगरीय क्षेत्र की सीमा विस्तार को लेकर लंबे समय से प्रयासरत थे। वहीं राज्य मंत्री कपिल देव ने जिला जेल को शहर के बाहर स्थानांतरित कराने के लंबित मामले में तीव्र अग्रेत्तर कार्यवाही कराने के साथ ही आधुनिक रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण यथाशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। आवासहीन गरीब जनता के अपना घर के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा कांशीराम शहरी आवास विकास योजना के अंतर्गत शीघ्र आवास आवंटन कराये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति, पीडी डूडा सतीश गौतम, विद्युत अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल व अधिशासी अभियंता डीसी शर्मा मौजूद रहे।

पीएम आवास 72 हजार रुपये तक होंगे महंगे, अब 7 .30 लाख में मिलेगा, आवास विभाग की हरी झंडी

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में 24.72 वर्ग मीटर का प्रधानमंत्री आवास अब 7.30 लाख रुपये में मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के इस प्रस्ताव को आवास विभाग ने हरी झंडी दे दी है। नई कीमत का आदेश इसी माह जारी होने की उम्मीद है। इसके बाद सभी कार्यदायी संस्थाएं इसी दर पर प्रधानमंत्री आवास देंगी। गौरतलब है कि पहले 24.72 वर्ग मीटर में बने प्रधानमंत्री आवास की कीमत छह लाख एक हजार रुपये थी। वर्तमान में जो आवास निमार्णाधीन हैं, उसके लिए आवंटी को अब एक लाख 29 हजार रुपये अधिक चुकाने पड़ेंगे। पीएम आवास के नए खरीदारों पर 12 फीसदी का अतिरिक्त बोझ आएगा। इसमें छह फीसदी निर्माण लागत व छह फीसदी बढ़ा हुआ जीएसटी शामिल है। पीएम आवास पहले 12 फीसदी जीएसटी के दायरे में था, अब यह 18 फीसदी जीएसटी की श्रेणी में है। इसके चलते इन आवासों की कीमत बढ़ी है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास की खरीद पर आवंटी को 2.50 लाख रुपये की छूट मिलेगी। ऐसे में 24.72 वर्ग मीटर का प्रधानमंत्री आवास 7.30 लाख रुपये में खरीदने पर खरीदार को सिर्फ 4.80 लाख रुपये ही चुकाने पड़ेंगे। अब प्रधानमंत्री आवास भी दो श्रेणी में बनाए जाएंगे। इनमें दूसरी श्रेणी 22.72 वर्ग मीटर की होगी। इसकी कीमत 6.72 लाख रुपये होगी। एलडीए पहली बार 22.72 वर्ग मीटर का प्रधानमंत्री आवास बसंतकुंज योजना में बना रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास की लागत में वर्ष 2021 के मुकाबले इस वक्त छह फीसदी की बढ़त हुई है। सीमेंट, सरिया सहित आदि सामानों की कीमत बढ़ने के कारण आवास की लागत बढ़ी है। आवास के नए रेट का प्रस्ताव आवास विकास को भेजा गया है।

बैंक कर्मचारी लूट में महिला सहित पांच गिरफ्तार

कांधला पुलिस के द्वारा पकड़े गए बैंक कर्मचारी के साथ लूट के आरोपी

कांधला, 14 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव नाला पटरी पूर्वी यमुना नहर के बैंक कर्मचारी के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस ने महिला सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर 39,000 की नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया है।

गौरतलब है कि 10 मार्च को आरबीएल माईक्रोफाईन्स बैंक कर्मचारी फारुख खान गांव नाला से बैंक का कलेक्शन करने के पश्चात पूर्वी यमुना नहर पटरी मार्ग से कांधला लौट रहा था, तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने बैंक कर्मचारी को हथियारों से भयभीत करते हुए 60,000 की नकदी सहित अन्य सामान को लूटकर मौके से फरार हो गए थे। तभी से पुलिस बदमाशों की खोजबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना वाजिद पुत्र बलेद्दीन, नदीम पुत्र अनवर निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना, साबिर पुत्र अब्बास, आयशा पत्नी सादिक निवासी ग्राम नाला थाना कांधला, मुस्तफा पुत्र दिल्लू निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर आयशा उपरोक्त से 7000 नकद व एक मोबाईल फोन सैमसंग, अभियुक्त साबिर उपरोक्त से 3,000 नकद व एक मोबाईल फोन वीवो, वाजिद उपरोक्त से 15,000 नकद व एक अदद तमन्चा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, नदीम उपरोक्त से 14,000 नकद, 06 बैंक पासबुक,मुकदमा बादी का आईडी कार्ड, चार्जर, थम्ब स्कैनर वादी का बैग को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक महिला आयशा ने अपने अन्य परिचित के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला सहित अन्य 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वाजिद व आयशा ने लिखी लूट की पटकथा

कांधला, 14 मार्च (बु.)। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि माईक्रोफाइनेन्स एजेन्ट करीब 01 वर्ष से ग्राम नाला में किस्ते लेने आता था, जिनका बैठने का स्थान आयशा का घर ही था। आयशा द्वारा ही ग्राम की महिलाओं को जोड़कर लोन दिलवाने का काम करती थी। हर मासिक किस्त 10 तारीख को ही फारूख कलेक्शन लेने आता था। यह बात सभी को पता थी करीब दो महिने पहले ग्राम मलकपुर थाना कैराना का वाजिद पुत्र वलेद्दीन जो आयशा का चचिया सुसर का लड़का है। वह भी आयशा के घर पर ग्राम नाला में अपनी पत्नी के साथ रहने लगा। करीब 01 सप्ताह पहले वाजिद व आयशा ने प्लान बनाया कि अब की 10 तारीख को फारूख आता है, तो उससे नहर पटरी पर पैसे लूट लेंगे। इसमें आयशा का देवर साबिर को भी शामिल किया गया। वाजिद ने ही बताया कि इस काम के लिये मैन अपने गाँव के पड़ौसी नदीम व मुस्तफा निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना शामली को भी शामिल किया। प्लानिंग के मुताबिक आयशा 10 मार्च सुबह अपने घर से कुछ महिलाओं के साथ शामली चली गई थी। मुस्तफा व नदीम व वाजिद मुस्तफा की बाईक एचएफ डीलक्स पर नहर के किनारे खेतों पर जाने वाले रजवाहे पर खड़े थे। साबिर घर पर ही एजेन्ट के पास ही था। जब एजेन्ट द्वारा सभी किस्ते ले ली गई। तो वाजिद ने साबिर से फोन करके पूछा कि एजेन्ट फारूख निकला है या नहीं जैसे ही वो कैश लेकर कांधला के लिये निकला, तो फोन के जरिये साबिर ने वाजिद को बताया कि वह निकल गया है। जैसे ही नाला गाँव से 01 किमी0 दूर नहर पटरी पर पहुंचा, तो पीछे से आ रहे वाजिद नदीम मुस्तफा गाड़ी चला रहा था। एजेन्ट फारूख के आगे गाड़ी लगा दी। वाजिद ने हाथ में लिये तमन्चे से उसे डराया, और लूटपाट की। सभी ने लूट की रकम व सामान को आपस में बांट लिया।

डीजीपी ने दिए निर्देश, कब्जा दिलाने या हटाने की कार्रवाई नहीं करेगी पुलिस

लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसी)। डीजीपी डीएस चौहान ने मातहतों को भूमि विवाद के मामलों में कब्जा दिलाने या हटवाने की कार्यवाही नहीं करने का निर्देश दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान गत एक मार्च को डीजीपी को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने को कहा था। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुपालन में डीजीपी ने इस बाबत निर्देश दिए कि किसी भी दशा में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक अथवा कोई भी पुलिसकर्मी अपने स्तर पर कब्जेदारी के विवाद का निस्तारण करते हुए कब्जा दिलाने अथवा कब्जा हटवाने की कार्रवाई नहीं करेगा। निर्देशों में कहा गया कि किसी भी पक्ष को कब्जा दिलाने अथवा हटवाने का कार्य राजस्व टीम एवं स्थानीय मजिस्ट्रेट की उपस्थिति एवं सक्षम आदेश के बाद ही किया जाए। किसी भी भूमि के विधिक स्वामी के अधिकारों में बिना न्यायालय या मजिस्ट्रेट के आदेश के अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए। राजस्व विभाग, नगर निगम एवं स्थानीय विकास प्राधिकरण इत्यादि के माध्यम से भी ऐसे समस्त भूमि प्रकरणों जिनमें हिंसा या विवाद की स्थिति हो, को भी चिन्हित कराकर भूमि विवाद रजिस्टर में दर्ज किया जाए। गंभीर मामलों में संयुक्त टीम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में विवादों का निस्तारण कराया जाए। प्रयागराज में राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद साक्षी सुरक्षा योजना को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश और शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने, इसके प्रति जागरुकता बढ़ाने, योजना की जानकारी प्रत्येक थाने तक पहुंचाने तथा पुलिसकर्मियों को साक्षी सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने का उल्लेख किया गया है।

सपा नेता स्वामी प्रसाद ने फिर उगली आग

मैनपुरी, 14 मार्च (एजेंसी)। सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान देते हुए कहा कि रामचरित मानस को बढ़ावा देने वाले लोग समाज में पिछड़ों, दलितों, शोषितों, महिलाओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। मंगलवार को मौर्य एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने रामलीला मैदान में कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि भाजपा सरकार का दिमाग खराब हो गया है। रामचरित मानस विवाद पर कहा कि लोगों ने घरों में सुंदरकांड का पाठ करना बंद कर दिया तो सरकार मंदिरों में सरकारी खर्चे पर हनुमान चालीसा का पाठ करा रही है। कहा कि धर्म के नाम पर भारतीय जनता पार्टी अपना व्यापार चला रही है। कहा कि स्वाभाविक रूप से जब हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष की कल्पना करता है तो, हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब यहां पर रहते हैं। इस देश की आजादी में सभी का योगदान रहा है। आज किसी एक धर्म को बढ़ावा देने का मतलब है कि पक्षपात करना। उन्होंने हिंदू राष्ट्र की मांग करना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान बताया। कहा कि आज कोई खालिस्तान, कोई मुस्लिम देश, बौद्ध राष्ट्र की मांग कर सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा और सरकार देश को बंटवारे की राह पर ले जा रहे हैं। पहले भी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने ही भारत के दो टुकड़े कराए थे। अब फिर से वही सब देश में हो रहा है। कहा कि समाज में नफरत फैलाना भाजपा का एजेंडा है।

शिवसेना में ललित मोहन शर्मा को वेस्ट यूपी प्रमुख का जिम्मा

मुजफ्फरनगर, 14 मार्च (बु.)। लंबे समय तक शिवसेना को पहचान देने के बाद संगठन के विवाद के चलते अलग होकर क्रांति सेना का गठन करने वाले ललित मोहन शर्मा फिर से असली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। उन्हें शिवसेना का पश्चिम उत्तर प्रदेश का राज्य प्रमुख नियुक्त किया गया है। ललित मोहन शर्मा ने कहा कि वे क्षेत्र में शिवसेना के संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। क्रांति सेना सामाजिक संगठन के रूप में पूर्व की भांति कार्य करती रहेगी। ललित मोहन शर्मा ने गत दिनों मुंबई में शिव सेना नेता व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिले थे। इसके बाद शिंदे के निर्देशानुसार शिव सेना सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल ने क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा को पश्चिम उत्तर प्रदेश का राज्य प्रमुख नियुक्त किया है। उन्हें अति शीघ्र पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में संगठन में नई नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है की शिव सेना के केंद्रीय नेतृत्व ने संगठन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में बांट दिया है जिसमे प्रदेश में 4 राज्य प्रमुख बनाए जा रहे हैं। इनमें एक ललित मोहन शर्मा को वेस्ट यूपी की कमान सौंपी गई है। इस नियुक्ति के बाद ललित मोहन शर्मा ने कहा कि वे पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शिवसेना के संगठन के गठन और विस्तार के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शिव सेना राजनीतिक संगठन है। क्रांति सेना सामाजिक संगठन के रूप में कार्य करती रहेगी। क्रांति सेना के जो लोग शिवसेना में आने के इच्छुक होंगे उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आगामी निकाय चुनाव को लेकर संगठन के निर्देशानुसार निर्णय लिया जाएगा।

फोटोग्राफर से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

▶ थानाभवन पुलिस ने लूटा गया कैमरा व मोबाइल बरामद किया

शामली, 14 मार्च (बु.)। जन्मदिन पार्टी से वापस लौट रहे फोटोग्राफर से 3 बदमाशों ने कैमरा एवं मोबाइल लूट लिया था, जिसका खुलासा थानाभवन पुलिस ने करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जबकि दो बदमाश अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहे हैं। वहीं बदमाश के कब्जे से लूटा गया कैमरा एवं मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर ने बताया कि 3 मार्च 2023 को थानाभवन क्षेत्र अंतर्गत गांव हसनपुर लुहारी निवासी रजनीश जो फोटोग्राफर का काम करता है, वह हसनपुर लुहारी राजवाहे पटरी से रात्रि के समय अपने घर वापस लौट रहा था, तभी तीन बदमाशों ने रजनीश को बंधक बनाकर उसके पास मौजूद निकोन कंपनी का एक कैमरा एवं उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची थी। ग्रामीणों और पुलिस ने घंटों तक मामले में छानबीन की थी, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका था, जिसके बाद शामली पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने मामले के खुलासे का पुलिस को आदेश दिया था। पुलिस ने अब लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आबिद पुत्र बांसी गांव सोंटा रसूलपुर ने अपने साथी शेरू राव पुत्र रिफाकत एवं नफीस राव पुत्र इदरीश निवासीगण सोंटा रसूलपुर के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें से आबिद को गिरफ्तार कर लिया गया और थानाभवन क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ठाकुर के निर्देशन में पुलिस ने मामले का सफल अनावरण कर दिया है एवं दो अभियुक्त शेरू एवं नफीस अभी भी फरार चल रहे हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दोनों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा पकड़े गए बदमाश को जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए बदमाश पर साल 2017 में भी थानाभवन थाने में एक मुकदमा दर्ज हैं। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उसे व उसके साथियों को पैसे की जरूरत थी। इस कारण उन्होंने घटना को अंजाम दिया था।

बारातियों में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

कैराना। एक दिन पहले शादी समारोह में बारातियों के बीच हुई मारपीट के मामले में चार नामजद सहित पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को पानीपत रोड स्थित मोहल्ला गुलशन नगर में शरीफ की बेटी की बारात कांधला कस्बे की जन्नत कॉलोनी से आई हुई थी। दुल्हे जुनैद के विवाह की रस्म पूरी होने के बाद अपराह्न करीब 3 बजे दुल्हन की विदाई के समय दुल्हे को दहेज में दिया गया सामान उठाया जा रहा था। इसी दौरान बारात में पहुंचे दूल्हे के मामा व चाचाओं के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। जिसमें जियाउल हसन उर्फ जुला, रोजुद्दीन व महिला इमराना निवासी मोहल्ला आर्यपुरी घायल हो गए। गंभीर हालत के चलते रोजुद्दीन को मेरठ हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। मंगलवार को पुलिस ने घायल रोजुद्दीन के भतीजे मिन्ना निवासी आर्यपुरी की ओर से सईदू, नदीम, लुकमान